# एपेक्स बैंक के प्रशासक यादव ने उपार्जन केन्द्र का किया निरीक्षण



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 24 मई।** एपेक्स बैंक के प्रशासक श्री महेन्द्र सिंह यादव ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक ग्वालियर की शाखा पिछोर एवं डबरा अंतर्गत दो समितियों पिछोर व डबरा गांव का बीते रोज जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने उपार्जन केन्द्र गौरी वेयरहाउस का निरीक्षण कर उपार्जन व्यवस्थाओं का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के समय उन्होंने उपस्थित किसानों से सीधे संवाद कर बैंकिंग सेवाओं, फसल ऋण तथा खाद वितरण व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की।

### सहकारी बैंक की शाखाओं का जायजा भी लिया

इस दौरान एपेक्स बैंक के प्रशासक श्री यादव ने उपार्जन केन्द्र पर किसानों से फसल ऋण वितरण, ई-विकास प्रणाली के अंतर्गत ई-टोकन के माध्यम से खाद वितरण व्यवस्था एवं खाद की उपलब्धता के संबंध में विस्तार से चर्चा की। किसानों ने भी केन्द्र की व्यवस्थाओं एवं बैंक सेवाओं के संबंध में अपने महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए।

इस अवसर पर राज्य शासन द्वारा घोषित 'किसान कल्याण वर्ष-2026' के अंतर्गत संचालित सदस्यता महाअभियान की भी श्री यादव द्वारा गहन समीक्षा की गई। उन्होंने दोनों समितियों में नवीन सदस्य बनाए जाने की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। साथ ही अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में शत-प्रतिशत लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान बैंक की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और सदस्यता अभियान के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से आयोजित 'नुक्कड़ नाटक' का भी प्रशासक एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने अवलोकन किया। इस रचनात्मक पहल की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं की जानकारी सहजता से पहुँचती है।

### इनकी रही उपस्थिति

दौरे के दौरान प्रशासक यादव के साथ विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी श्री अभय प्रधान, बैंक के प्रबंधक (प्रशासन) श्री अभिषेक प्रकाश झा, कार्यालय अधीक्षक श्री श्रीपाल सिंह यादव, विपणन अधिकारी श्री गोपाल सिंह परिहार, पिछोर शाखा प्रबंधक श्री भूपेन्द्र सिंह भदौरिया तथा डबरा शाखा प्रबंधक श्री प्रशांत रामपुरीया प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए भी विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर

**ग्वालियर, 24 मई।** विदेश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक ग्वालियर जिले के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिये भी सुनहरा अवसर है। राज्य शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा मध्यप्रदेश के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना के तहत आवेदन आमंत्रित किए हैं। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित इस योजना के अंतर्गत सत्र 2026-27 (जनवरी से जून 2026) के लिये पात्र विद्यार्थियों को स्नातकोत्तर एवं पीएचडी अध्ययन के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। आवेदन-पत्र कल 25 मई को शाम 6 बजे तक जमा किए जा सकते हैं। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा यह छात्रवृत्ति योजना प्रदेश के मेधावी विद्यार्थियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की जा रही है। योजना के अंतर्गत प्रतिवर्ष 20 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दी जाती है। इसमें जनवरी-जून एवं जुलाई-दिसंबर सत्र के लिए 10-10 विद्यार्थियों का चयन किया जाता है।

# गंगा दशहरा पर आज जल संरक्षण का महाअभियान

**सांसद कुशवाह के मुख्य आतिथ्य में मेहराब साहब की तलैया पर जिला स्तरीय कार्यक्रम**

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 24 मई।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत गंगा दशहरा के उपलक्ष्य में 25 मई को ग्वालियर जिले में जल संरक्षण को जन-आंदोलन का स्वरूप देने के लिए व्यापक कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम लक्ष्मीगंज के समीप स्थित मेहराब साहब की तलैया पर सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह के मुख्य आतिथ्य में प्रात: 7.30 बजे होगा। सायंकाल 6.30 बजे बैजाताल पर सांस्कृतिक संध्या सजेगी। जिसमें दीपदान व जलाभिषेक के साथ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी।

### पेट्रोलियम ईंधन की बचत का संदेश देने कलेक्टर सहित अन्य अधिकारी बस से पहुँचेंगे

जिले के निवासियों को पेट्रोल, डीजल, सीएनजी इत्यादि पेट्रोलियम ईंधन की बचत करने का संदेश देने के लिये कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी बस में बैठकर जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम मेहराब साहब की तलैया पर पहुँचेंगे। यह बस 25 मई को प्रात: 7 बजे बैजाताल से रवाना होगी।

### 66 वार्डों और सभी विकासखंडों में एक साथ श्रमदान

राज्य शासन के दिशा-निर्देशों के तहत जल संवर्धन अभियान को जन आंदोलन का रूप देने के लिये नगर निगम के सभी 66 वार्डों, चारों विकासखंडों और नगरीय निकायों में एक साथ सामूहिक श्रमदान, दीपदान, चुनरी अर्पण एवं आरती कार्यक्रम होंगे। डबरा में नोन-सिंध नदी पर, मुरार में झिलमिल नदी पर, भितरवार में पार्वती नदी पर और घाटीगांव के 36 अमृत सरोवरों पर विशेष आयोजन किए जाएंगे। जिला स्तरीय कार्यक्रम सहित सभी आयोजनों में जनप्रतिनिधिगण, आम नागरिक, अधिकारी-कर्मचारी, सामाजिक व स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधिगण और धर्मगुरू शामिल होंगे।

### जल स्त्रोतों की सामूहिक सफाई

जिले भर में कुएं, बावड़ियां, नहरें और नदी घाटों की सफाई जनसहयोग से की जाएगी। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने इस महाअभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिये जिले के नागरिकों से अपील की है।

# सीए स्टूडेंट्स के लिए विशेष सेमिनार आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 24 मई।** द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की सीकासा ग्वालियर ब्रांच द्वारा सीए स्टूडेंट्स के लिए डिजिटल अकाउंटिंग एरा = टैली ऑटोमेशन एंड एआई इन अकाउंटिंग विषय पर एक विशेष सेमिनार का आयोजन शाखा परिसर, सिटी सेंटर में किया गया।

### डिजिटल अकाउंटिंग एरा में एआई और टैली ऑटोमेशन पर मिला व्यावहारिक मार्गदर्शन

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक अकाउंटिंग तकनीकों, डिजिटल ऑटोमेशन एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते उपयोग से अवगत कराना रहा। सेमिनार में एस टी ए कंप्यूटर के डायरेक्टर



एवं ऑथराइज्ड टैली एजुकेशनल पार्टनर सतीश पाल ने टैली ऑटोमेशन के आधुनिक उपयोग, अकाउंटिंग प्रक्रियाओं को तेज एवं आसान बनाने वाले डिजिटल टूल्स तथा इंडस्ट्री में एआई की बढ़ती भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को लाइव उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि किस प्रकार ऑटोमेशन भविष्य की अकाउंटिंग प्रणाली को पूरी तरह बदल रहा है। उनके संबोधन को विद्यार्थियों ने अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम में सीए ऋषि गोयल ने एआई इन अकाउंटिंग विषय पर अपने विचार रखते हुए कहा कि आने वाले समय में अकाउंटिंग प्रोफेशन में तकनीकी दक्षता सबसे बड़ी आवश्यकता बनने जा रही है। उन्होंने विद्यार्थियों को नई तकनीकों के साथ स्वयं को लगातार अपडेट रखने की सलाह दी। इस अवसर पर सीआईआरसी चेयरमैन सीए अंकुर गोयल, सचिव सीए निर्भीक गांधी, सीकासा चेयरमैन सीए नगेंद्र सिंह कुशवाह सहित शाखा के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सीए स्टूडेंट्स ने सहभागिता कर डिजिटल अकाउंटिंग एवं एआई से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। सीकासा ग्वालियर ब्रांच द्वारा आयोजित यह सेमिनार विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक एवं भविष्य उन्मुख साबित हुआ।

# युगल नेमिनाथ का श्रमण संस्कार शिविर कल से, किया पत्रिका का विमोचन

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 24 मई।** जैन धर्म के संस्कार बच्चों में बीजारोपण करने के लिए जैन मिलन युगल (नेमिनाथ) ग्रेटर ग्वालियर के तत्वाधान में श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर एवं बाल युवा योग शिविर का आयोजन 26 मई से 02 जून तक दाना ओली मनीराम का बड़ा स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन नया मंदिर में आयोजित किया जा रहा है। जिसमे आज रविवार को तैयारियों के लिए बैठक की गई। बैठक में आयोजित होने वाले संस्कार शिविर की पत्रिका का विमोचन किया गया।

### बच्चे लेंगे धर्म के संस्कार

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन बताया कि श्रमण संस्कृति संस्कार शिविर 26 मई से आयोजित किया जाएगा। जिसकी तैयारियों के लिए रविवार को बैठक की गई।



जिसमे शिविर की पत्रिका का विमोचन जैन मिलन युगल नेमीनाथ के शाखा संस्थापक व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भा. जैन मिलन क्षेत्र क्रमांक 2 के रवि जैन,पारस जैन (संयोजक युवा शाखा, रिषभ जैन (ग्रीटिंग सह संयोजक, शाखा के अध्यक्ष कुनाल जैन, सचिव अमित जैन, अरविंद मोदी जैन, अंकुश जैन, मोक्ष जैन, 26 मई से 02 जून तक शिविर की पत्रिका का विमोचन किया। वही बच्चों के बैठने की क्लास, गर्मी को देखते हुए शिकंजी, शरबत ओर ठंडा पानी की व्यवस्था, स्वल्पाहार, ओर अन्य व्यवस्था मंदिर परिसर में की जा रही है। वही बच्चों को लिखने ओर पढ़ने की पुस्तक ओर पेन की किट प्रदान की जाएगी। ये विद्वानगण देंगे धर्म की शिक्षा, बच्चे, महिला ओर बालिका लेंगे शिविर में भाग। जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि श्रमण संस्कृति संस्कार शिविर में पंडित विजय कुमार जैन, पंडित पवन जैन शास्त्री, पंडित सम्यक जैन, श्रीमती मंजू जैन, योग प्रशिक्षक शीतल जैन आदि देंगे। वही छोटे छोटे बच्चों को णमोकार मंत्र, चौबीस तीर्थंकर नाम ओर उनके चिन्ह, जैन दर्शन, पूजन, अभिषेक ओर अन्य धर्म की क्रियाएं की शिक्षा देंगे। वही महिलाएं ओर बालिकाएं भी भाग लेगी।

### यह रहेंगे शिविर के प्रतिदिन कार्यक्रम

श्रमण संस्कृति संस्कार शिविर में 26 मई से 02 जून तक प्रतिदिन प्रात: 06 बजे से योग, 07 बजे से सामूहिक पूजन, 7:30 संगीतमय प्रार्थना, 7:45 पर शिविर की कक्षाएं, 8:45 पर सामूहिक कक्षाएँ, ओर 9:30 स्वल्पाहार वितरण ओर सायंकाल आरती ओर सांस्कृतिक कार्यक्रम होगे।


**CHANGE OF NAME**

I, Army Service No. 15786010K, Rank- HAV Name- SATYANARAYAN Residing at Village- Ugamkhedi, Post- Kudana, Tehsil- Sanwer, Ugemkhedi, Indore (M.P.) Pin- 453551 have changed my Son's Name from ABHILESH KUMAR to ABHILESH CHOUDHARY due to mismatch in my Army Service Record.

Vide Affidavit No. BX 603439 Dated 22/05/2026 before High Court, Gwalior M.P.

**CHANGE OF NAME & DOB**

I, SADHANA Wife of Army Service No. 15786010K, Rank- HAV Name- SATYANARAYAN Residing at Village- Ugamkhedi, Post- Kudana, Tehsil- Sanwer, Ugemkhedi, Indore (M.P.) Pin- 453551 have changed my Name from SADHANA to SADHNA CHOUDHARY & Date of Birth from 10/06/1985 to 01/01/1987 due to mismatch in my Husband's Army Service Record.

Vide Affidavit No. BX 603440 Dated 22/05/2026 before High Court, Gwalior M.P.


**ग्वालियर।** नई सड़क पर बावन पायगा में पिछले कई दिनों से पानी का संकट बना हुआ है।

**कैट का पुलिस व्यापारी संवाद**

# एलिवेटेड रोड बनने के बाद ट्रैफिक जाम से मुक्ति मिलेगी : आईजी

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 24 मई।** कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स कैट द्वारा पुलिस-व्यापारी संवाद में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पुलिस महानिरीक्षक अरविंद सक्सैना ने कहा कि ग्वालियर की यातायात व्यवस्था में सुधार ऐलिवेटेड रोड बनने के बाद निर्श्चित रूप से आयेगा। हम देख रहे है कि वाहन पिछले 5-6 वर्षों में तीन गुना हुये किन्तु सड़कें चौढ़ी नहीं हुई है। अत: ट्रेफिक का दवाब जिन पुरानी स?कों पर है वहां जाम की स्थिति बनी रहती है और शहरवासियों को असुविधा होती है। यह अकेले पुलिस के प्रयास से नहीं बल्कि अन्य विभागों के आपसी कॉर्डिनेशन से बहुत हद तक हम जाम से मुक्त हो पायेंगे। ग्वालियर जिला पुलिस व्यापारियों से सीधा संवाद करने की इच्छुक रहती है और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हर उस व्यक्ति को पूरी गंभारीता से सुनते है जो फरियादी है एवं कानून के दायरे में कार्यवाही भी करते है।

### पुलिस का भय सोशल मीडिया के कारण कम हुआ : डीआईजी डॉ. असित यादव




कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स कैट द्वारा होटल रेडीशन इंडिवीजुअल्स में आयोजित पुलिस-व्यापारी संवाद में आईजी अरविंद सकसैना ने विश्वास दिलाया कि हम थाना स्तर पर व्यापारियों संग संवाद रखेंगे और बाजारों के अध्यक्ष, सचिव इस संवाद में भाग ले एवं पुलिस के जिला स्तर के अधिकारी संवाद को सार्थक बनाये। संवाद में विशिष्ट अतिथि डीआईजी असित यादव ने कहा कि पुलिस का भय महानगरों में अब ज्यादा नहीं हो सकता क्योंकि समाज सोशल मीडिया के जमाने में है और पुलिस किसी भी प्रकार का कृत्य करती है तो उसकी विडीयो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी जाती है। इससे पुलिस की छवि खराब होती है। अत: कानून के दायरे में रहकर पुलिस काम करती है अत: वह छवि जो जनता देखना चाहती वह चाहकर भी अब पुलिस नहीं दिखा सकती। क्योंकि हमारी पुलिस कई नियमों में बंधी है। कार्यक्रम में कैट के राष्ट्रीय संगठन मंत्री भूपेन्द्र जैन ने थाना स्तरीय व्यापारिक समितियों को पुर्नगठित करने का सुझाव दिया। ताकि वर्तमान परिस्थिति के साथ तालमेल कर पुलिस और व्यापारी समन्वय के साथ काम कर सके। इस अवसर पर डीआईजी अमित सांघी का भोपाल स्थानांनतरण पर बिदाई समारोह आयोजित किया गया।

उन्होंने बिदाई समारोह में कहा कि उनका पूरा कार्यकाल ग्वालियर के बीच एक परिवार के सदस्य के रूप में रहा और वह जहां भी रहेंगे आप सबकी अच्छी यादों को साथ लेकर रहेंगे। कैट सदैव व्यापारियों के हित में कार्य करती है। इस अवसर पर सैकेंड बटालियन की नवनियुक्त कमांडेट विदिता डागर का कैट महिला टीम ने अभिनंदन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अपने आठ माह के कार्यकाल में ग्वालियर के व्यापार की सेवा की और उससे पूर्व भी उनकी पूरी पुलिस ट्रेनिंग में ग्वालियर का काफी योगदान है। क्योंकि वह प्रशिक्षु आईपीएस के रूप में भी ग्वालियर में सेवायें दे चुकी है।

### कार्यक्रम में यह भी हुआ

कार्यक्रम के प्रारंभ में संयोजक आकाश जैन ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। जिलाध्यक्ष रवि गुप्ता ने व्यापारिक समास्याओं को बिन्दूवार प्रस्तुत किया। मंच पर दिलीप पंजवानी, अशोक गोयल, रामकुमार गोयल, मुकेश अग्रवाल, रौनक जैन, डॉ. सौरभ खंडेलवाल, हिमांशु छापरिया आदि ने अमित सांघी को स्मृति चिन्ह प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन सीए प्रभात चौपड़ा ने किया। आभार प्रदर्शन दीपक पमनानी द्वारा किया गया।


**नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 01 वार्ड क्रमांक 04 व स्थान- 15,सदाशिव नगर में स्थित है जो कि प्रणव चौरसिया/एस.पी.चौरसिया के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक1000167865 पर दर्ज है / नहीं है जिसका क्षेत्रफल 882.10 वर्गफुट है. उक्त सम्पति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र एमपी21/जीआर17402025 ए100778331 दिनांक 01/09/2025 द्वारा क्रय/उत्तराधिकार से प्राप्त/वसीयतनामा से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्मति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अन्तर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र बहोड़ापुर दिनांक 20/5/2026 को किया गया है. जिसकी कार्य क्रमांक 60/2010/74209/74415 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

**विज्ञप्ति जारी दिनांक 24-5-2026**

**आवेदक का नाम/पता/मो.नं.**
**रेनू गर्ग/अनिल कुमार गर्ग**
**पता-15,सदाशिव नगर, ग्वालियर म.प्र.**

**नाम व जन्म तिथि परिवर्तन सूचना**

मैं **सरोज भदोरिया पत्नी श्री जितेन्द्र सिंह भदोरिया** यह सूचित करती हूँ कि भूलवश मेरे पति के आर्मी रिकॉर्ड में मेरा नाम सरोज चौहान एवं जन्म दिनांक 01/02/1970 लिख गया है जो कि गलत है। मेरा सही नाम **सरोज भदोरिया पत्नी श्री जितेन्द्र सिंह भदोरिया** व जन्म दिनांक **19/12/1969** है तथा आज से मुझे इसी नाम से जाना जायेगा।

**शपथ पत्र क्रमांक- CB 955211**
**दिनांक- 14/05/2026**

**CHANGE OF NAME & DOB**

I, Army Service No. 15786010K, Rank- HAV Name- SATYANARAYAN Residing at Village- Ugamkhedi, Post- Kudana, Tehsil- Sanwer, Ugemkhedi, Indore (M.P.) Pin- 453551 have changed my Mother's Name from LEELA BAI to LILA BAI & Date of Birth from 01/07/1965 to 01/01/1961 due to mismatch in my Army Service Record.

Vide Affidavit No. BX 603441 Dated 22/05/2026 before High Court, Gwalior M.P.

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे पक्षकार संतोष उपाध्याय पुत्र श्री बालमुकुंद उपाध्याय एवं श्रीमती मिथलेश उपाध्याय पत्नी श्री संतोष उपाध्याय निवासीगण: ग्राम बरजोलपुरा, तहसील इंदरगढ़, जिला दतिया म.प्र. द्वारा अपने पुत्र एवं पुत्र वधु किशन उपाध्या पुत्र श्री संतोष उपाध्याय एवं श्रीमती करिश्मा गौर पत्नी श्री किशन उपाध्याय निवासीगण: सैनिक कॉलोनी, सिकंदर कम्पू लश्कर, ग्वालियर म.प्र. से पुत्र वधु श्रीमती करिश्मा गौर पत्नी श्री किशन उपाध्याय द्वारा हमारे पक्षाकरगण के साथ किये जा रहे गलत आचरण के चलते एंव हमारे पक्षकारों के साथ किये गए एवं जा रहे दुर्व्यवहार के साथ-साथ हमारे पक्षकारों को किसी भी झूठे अपराध में फंसाने की धौस देने के चलते अपने समस्त रिश्ते व सबंध पूर्णत: किशन उपाध्या पुत्र श्री संतोष उपाध्याय एवं श्रीमती करिश्मा गौर पत्नी श्री किशन उपाध्या के साथ सभी तरह के संबंध सदा के लिए समाप्त किये जा चुके है। साथ ही किशन उपाध्या पुत्र श्री संतोष उपाध्याय एवं श्रीमती करिश्मा गौर पत्नी श्री किशन उपाध्याय किसी भी प्रकार का किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था से किये जाने वाले लेनदेन के लिए समव्यवहारकर्ता व्यक्ति व्यक्तिगत रूप से जवाबदार होकर जिम्मेदार होगे जिसमे हमारे पक्षकारों की कोई जवाबदारी व जिम्मेदारी प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप मे किसी भी प्रकार की नही रहेगी तथा समव्यवहारकर्ता एकमात्र रूप से जवाबदार होकर जवाबदार होगा। उक्त आम सुचना किशन उपाध्याय पुत्र श्री संतोष उपाध्याय एवं श्रीमती करिश्मा गौर पत्नी श्री किशन उपाध्याय के ग्वालियर निवासरत होने के कारण शहर ग्वालियर में सूचनार्थ प्रकाशित की जा रही है।

**स्थान: ग्वालियर**
**दिनांक : 25.05.2026**

**प्रेषक**
**शुभम राजपूत, एडवोकेट**
**ब्रारू हाउस, एस.डी.एम. रोड, ग्वालियर मो. 9301102652**


**ननि का अतिक्रमण पर बड़ा अभियान**

# नाले पर अवैध निर्माण हटाया, फुटपाथ के अतिक्रमण पर कार्रवाई

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 24 मई।** नगर निगम ग्वालियर द्वारा शहर को व्यवस्थित, स्वच्छ और यातायात सुगम बनाने के उद्देश्य से अस्थायी एवं स्थायी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। निगम आयुक्त संघप्रिय के निर्देशन में रविवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक अभियान चलाकर अवैध निर्माण, फुटपाथ अतिक्रमण एवं अवैध बैनर-पोस्टर हटाने की कार्रवाई की गई।



लश्कर क्षेत्र में एसडीएम नरेशबाबू यादव, क्षेत्राधिकारी अधिकारी प्रकाश अहिरवार एवं भवन अधिकारी राजीव सोनी के निर्देशन में समाधिया कॉलोनी स्थित जी.डी. एन्क्लेव क्षेत्र में शासकीय नाले के ऊपर किए जा रहे अवैध निर्माण कार्य को रुकवाया गया। इस दौरान नाले पर बनाई गई दीवार को जेसीबी मशीन की सहायता से हटाया गया।

कार्रवाई के दौरान तहसीलदार मनीष जैन, आरआई नरेश सिंह, पटवारी सुखलाल, मदाखलत अधिकारी रवि कुमार कोरी, मदाखलत निरीक्षक लव झा एवं विशाल जाटव सहित नगर निगम, जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की टीम मौजूद रही।

इसी क्रम में दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में महाराज बाड़ा स्थित सुभाष मार्केट एवं नजरबाग मार्केट के मुख्य मार्ग पर यातायात बाधित कर रहे हाथ ठेले एवं फुटपाथ अतिक्रमण हटाए गए। इस दौरान कई सामानों की जब्ती की कार्रवाई भी की गई।

पूर्व विधानसभा क्षेत्र में भी नगर निगम की टीम सक्रिय नजर आई। मदाखलत अधिकारी सत्येंद्र सिंह भदौरिया के निर्देश पर परशुराम चौराहे से गोविंदपुरी, रेडिसन होटल, राजमाता चौराहा, तानसेन होटल एवं एसपी ऑफिस से पटेल नगर मार्ग तक विद्युत खंभों पर लगे राजनीतिक एवं विज्ञापन संबंधी कटआउट हटाने की कार्रवाई की गई। इसके अलावा ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में ट्रांसपोर्ट नगर, पुरानी छावनी से अटल गेट तक अवैध झंडी-बैनर हटाने का अभियान चलाया गया।

वहीं मुरार गर्म सड़क स्थित राम जानकी मंदिर के पास टेंट लगाकर संचालित दुकान संचालक को अतिक्रमण हटाने के लिए अंतिम चेतावनी दी गई। निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि निर्धारित समय के बाद भी अतिक्रमण पाए जाने पर सामान जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

### हुरावली चौराहे पर भी हुई कार्रवाई

हुरावली चौराहे क्षेत्र में भी हाथ ठेले हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान एएचओ कमल खरे एवं डब्ल्यूएचओ की मौजूदगी में नगर निगम अमले ने सड़क किनारे लगे ठेलों को हटवाकर यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाया।


**कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति हेतु) नियम 8 (1)**

क्योंकि अधोहस्ता. आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइल हाउसिंग फाइनेंस लि.) (आईआईएफएल एचएफएल) के सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन आफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के तहत व सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम, 2002 के नियम 3 के सहपठित सेक्शन 13 (12) के तहत शक्तियों के पालन में कंपनी के प्रा. अधिकारी के निम्न देनदारों/सह-देनदारों को उक्त नोटिस प्राप्ति तिथि से 60 दिनों के भीतर नोटिस में कथित राशि चुकाने को कहा था. देनदार राशि नहीं चुका सके, अत: देनदारों व जनता को सामान्यतया नोटिस दी जाती है कि अधोहस्ता. ने उक्त नियमों के नियम 8 के सहपठित उक्त एक्ट की सेक्शन 13 (4) के तहत शक्तियों के पालन में निम्न संपत्ति का कब्जा ले लिया है. देनदारों व जनता को संपत्ति से लेनदेन नहीं करने को आगाह किया जाता है व संपत्ति से कोई भी लेनदेन निम्न राशि व उस पर ब्याज हेतु आईआईएफएल एचएफएल की देनदारी के अधीन होगा. देनदारों का ध्यान एक्ट की सेक्शन 13 की सब स्टेशन (8) के प्रावधानों की ओर आमंत्रित है. यदि देनदार ट्रांसफर या बिक्री हेतु तय तिथि से पहले किसीभी समय लागत, चार्ज व खर्चों सहित 'आईआईएफएल एचएफएल' के बकायों को क्लियल कर देता है तो सिक्योड एसेट को 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा नहीं बेचा जाएगा व सिक्योर्ड एसेट की ट्रांसफर या बिक्री हेतु 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा.

| देनदारों / सहदेनदारों का नाम | सिक्योर्ड एसेट अचल संपत्ति विवरण | कुल बकाया.... रु. | डिमांड नोटिस तिथि | कब्जा तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्रीमती क्रांति कुशवाह श्री रामहजूर कुशवाह (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल10559780) | पटवारी हल्का संख्या 33, वार्ड संख्या 19, मकान संख्या 234, क्षेत्रफल 1200 वर्ग फुट, ग्राम स्मावरी, तहसील इंद्रगढ़, जिला दतिया, मध्य प्रदेश-475675 की वह संपत्ति. (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: भूमि_क्षेत्रफल, निर्मित_क्षेत्रफल, कालीन_क्षेत्रफल संपत्ति का क्षेत्रफल: 1200.00, 1150.00, 920.00 | रुपये 427514/- (रु. चार लाख सत्ताइस हजार पांच सौ चौदह मात्र) | 24-10-2025 | 20-05-2026 |
| श्री देवलाल कुशवाहा श्रीमती कनेर कुंवर (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल10565006) | पीएच नं. 15, खसरा संख्या 688, मकान संख्या 152 का पूरा टुकड़ा ग्राम पचोखरा, इंदरगढ़, दतिया, मध्य प्रदेश,भारत, 475675 में स्थित है. क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: भूमि_क्षेत्र, कालीन_क्षेत्र, निर्मित_क्षेत्र. संपत्ति का क्षेत्रफल: 1600.00, 800.00, 1000.00 | रुपये 440388/- (रु. चार लाख चालीस हजार तीन सौ अठासी मात्र) | 11-06-2025 | 20-05-2026 |
| श्री नर्वदा झा, श्री मनोज कुमार झा, श्रीमती सावित्री झा (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल10578965) | पटवारी हल्का संख्या 32, वार्ड संख्या 4, मकान संख्या 65, ग्राम भरौली, तहसील इंद्रगढ़, जिला दतिया, मध्य प्रदेश, भारत, 475675 का पूरा भूखंड. क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: भूमि क्षेत्र, कालीन क्षेत्र, निर्मित क्षेत्र. संपत्ति का क्षेत्रफल: 900.00, 720.00, 900.00 | रुपये 384189/- (रु. तीन लाख चौरासी हजार एक सौ नवासी मात्र) | 11-06-2025 | 20-05-2026 |
| श्री रामसेवक, श्रीमती राजेंद्री, राजेंद्री मिल्क सेंटर (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल10637995) | पटवारी हल्का नं. 36, खसरा नं. 232, ग्राम सिलोरी, जिला दतिया, मध्य प्रदेश, 475661, भारत की पूरी संपत्ति वर्ग फुट में: संपत्ति का प्रकार: भूमि क्षेत्र, कालीन क्षेत्र, निर्मित क्षेत्र संपत्ति क्षेत्र: 1320.00, 1040.00, 1300.00 | रुपये 858404/- (रु. आठ लाख अट्ठावन हजार चार सौ चार मात्र) | 27-06-2025 | 20-05-2026 |

विवरण हेतु संपर्क- प्रा. अधिकारी **ब्रांच आफिस:** डी-1, ग्राउंड फ्लोर, बसंत विहार, ग्वालियर-474002/या **कार्पोरेट ऑफिस-** प्लॉट नं. 98, फेस-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा.

स्थान- ग्वालियर, दिनांक- 25-5-2026
प्रा. अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड